**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2025-26)**

| कक्षा-VIII(2nd Lang.) | विभाग: हिंदी | Date – 08.09.25 |
|---|---|---|
| Worksheet | विषय: (अर्थग्रहण), अनुच्छेद | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम :___________________अनुभाग :_____अनुक्रमांक :_____दिनांक :__________**

गद्यांश 1

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं. जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।मनुष्य में विनय उदारता कष्ट-सहिष्णुता साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय है-प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनीआवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं?

(क) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। (ख) जो गरीब परिवार में जन्म लेते हैं।

(ग) जिनकी कभी मृत्यु नहीं होती। (घ) इनमें से कोई नहीं।

2. संसार में जो अमरत्व प्राप्त करते हैं, उनमें से अधिकांश का जन्म प्रायः-

(क) संपन्न परिवार में होता है। (ख) उच्च जाति में होता है।

(ग) मध्यम वर्ग या गरीब परिवार में होता है। (घ) इनमें से कोई नहीं।

3. चारित्रिक विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा गुण आवश्यक नहीं है?

(क) विनय (ख) कष्ट-सहिष्णुता (ग) गरीब होना (घ) साहस

4. सादगी का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है?

(क) गरीबी से (ख) विचारों से (ग) इच्छा से (घ) सादा वस्त्र पहनने से

**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर-**

1 . चारित्रिक गुणों के विकास के लिए कौन-कौन से गुण आवश्यक हैं?

2 . जीवन में सादगी लाने के लिए कौन-सी दो बातें करणीय हैं?

गद्यांश 2

एक अंग्रेज डॉक्टर का कहना है कि किसी नगर में दवाई से लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है। हँसी शरीर के स्वास्थ्य का शुभ संवाद देने वाली है। यह एक साथ ही शरीर और मन को प्रसन्न करती है। पाचन शक्ति बढ़ाती है, रक्त का संचालन करती है और अधिक पसीना लाती है। हँसी एक शक्तिशाली दवा है। एक डॉक्टर कहता है कि यह जीवन की मीठी मदिरा है। डॉक्टर ह्यूड कहते हैं कि आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और कुछ नहीं है। कारलाइल एक राजकुमार थे। संसार-त्यागी हो गए थे। वे कहते थे कि जो जी से हँसता है, वह कभी बुरा नहीं होता। जी से हँसो, तुम्हें अच्छा लगेगा। अपने मित्र को हँसाओ, वह अधिक प्रसन्न होगा। शत्रु को हँसाओ, तुमसे कम घृणा करेगा। एक अनजान को हँसाओ, तुम पर भरोसा करेगा। उदास को हँसाओ, उसका दुख घटेगा। निराश को हँसाओ, उसकी आशा बढ़ेगी एक बूढ़े को हँसाओ, वह अपने को जवान समझने लगेगा। एक बालक को हँसाओ, उसके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। वह प्रसन्न और प्यारा बालक बनेगा।

**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर-**

1. अंग्रेज डॉक्टर के कथनानुसार किसी नगर में दवाई से लदे बीस गधे ले जाने के बजाय क्या ले जाना अधिक लाभकारी है?

(क) अच्छा डॉक्टर (ख) एक हँसोड़ व्यक्ति

(ग) एक समझदार व्यक्ति (घ) इनमें से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य हँसी से नहीं होता?

(क) पाचन शक्ति का बढ़ना (ख) रक्त का सही संचार

(ग) पसीना आना (घ) अस्वस्थ होना

3. डॉक्टर ह्यूड ने कौन-सी बात कही है?

(क) हँसी एक शक्तिशाली दवा है। (ख) जीवन की मीठी मदिरा है।

(ग) आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और कुछ नहीं है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर-**

1 . अंग्रेज डॉक्टर के कथन का क्या तात्पर्य है?

2 . ' हँसता ' शब्द से मूल शब्द व प्रत्यय छाँट कर लिखें –

गद्यांश 1 उत्तर

बहुविकल्पीय उत्तर- 1 (क), 2. (ग), 3 (ग) 4 (ख)

उ०-1 चारित्रिक गुणों के विकास के लिए विनय, उदारता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस आदि गुण आवश्यक हैं, क्योंकि ये गुण मनुष्य को अहंकारहीन एवं सरल बनाते हैं।

उ०-2 जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं। पहली, कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य न छोड़ना तथा दूसरी अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना।

गद्यांश 2 उत्तर

**बहुविकल्पीय** उत्तर- 1 (ख), 2. (घ), 3 (ग)

उत्तर 1 अंग्रेज डॉक्टर के कथन का तात्पर्य यह है कि दवाइयों की तुलना में हँसाने से मनुष्य का स्वास्थ्य अधिक बेहतर हो सकता है। इसका कारण है कि व्यक्ति जितना अधिक हँसेगा खुश रहेगा उतना ही स्वस्थ बना रहेगा।

उ०-2 मूल शब्द –हँस, प्रत्यय – ता ।

**(अनुच्छेद) सच्चा मित्र**

यदि हम किसी से कोई सहायता न माँगें तो सारी दुनिया ऐसा दर्शाएगी जैसे कि वह हमारी मित्र है। पर, जैसे ही हम किसी के सामने मदद के लिए हाथ पसारते हैं, तो कोई भी मदद के लिए नहीं आता। विपत्ति के समय हमें अकेला रहना पड़ता है। संपन्नता में तो हमारे कई मित्र बन जाते हैं, परंतु संकट की घड़ी में सही मित्रों की पहचान होती है। दरअसल, सच्चा मित्र वही है, जो संकट के समय काम आए। जो व्यक्ति कठिनाई के वक्त हमारी सहायता करता है, वही सच्चा मित्र है, बाकी सब मतलब के यार हैं। सच्चा मित्र हमें आफत में फंसा देखकर भाग नहीं सकता। वह हरसंभव प्रयास करेगा। इसलिए तो किसी ने कहा है- सच्चा मित्र वही है जो संकट के समय काम आए।

= = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = =